कार्यालय केन्द्रीय नजारत,
जनपद न्यायालय, लखनऊ
नीलामी सूचना दिनांक 10.11.2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, लखनऊ में माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ के पुराने परिसर से निकली पुरानी लिफ्ट की निष्प्रयोज्य सामग्रियों की दिनांक 30.11.2023 को सायंकाल 04:00 बजे मीडिएशन सेन्टर माननीय उच्च न्यायालय पुराना परिसर में होगी।

उपरोक्त माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ के पुराने परिसर से निकली लिफ्ट की निष्प्रयोज्य सामग्रियों की बोली लगाने हेतु प्रतिभूति के रूप में मु0 15,000/-रू0 की नकद धनराशि माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ के पुराने परिसर में स्थित इस जनपद न्यायालय के केन्द्रीय नजारत में नीलामी के नियत तिथि के पूर्व दिनांक 28.11.2023 तक जमा होगी। प्रत्येक कार्य दिवस में अपरान्ह 12 से 02 बजे तक जमा करते हुए उससे सम्बन्धित रसीद प्राप्त की जा सकेगी। प्रतिभूति की धनराशि जमा न करने की स्थिति में उसे नीलामी बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा। उपरोक्त माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ के पुराने परिसर से निकली पुरानी लिफ्ट की निष्प्रयोज्य सामग्री माननीय उच्च न्यायालय, लखनऊ के पुराने परिसर के 18 से 29 बिल्डिंग के बगल में खाली जगह पर एकत्र है, जिसे किसी भी कार्य दिवस में अपरान्ह 12:00 से 02:00 बजे तक देखा जा सकता है।

उपरोक्त पुराने निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी से सम्बन्धित अन्तिम बोली जिस प्रतिभागी के पक्ष में छूटेगी, उस पर नियमानुसार कर की धनराशि अलग से जमा करना अनिवार्य होगा तथा अंतिम बोली की धनराशि के 50 प्रतिशत की धनराशि तुरन्त नीलामी स्थल पर जमा करना होगा तथा अन्तिम बोली की अवशेष 50 प्रतिशत की धनराशि तीन दिवस में जमा करने के पश्चात् उपरोक्त निष्प्रयोज्य सामग्रियों को स्थल से तुरन्त उठवाया जायेगा अन्यथा प्रभार के रूप में स्वीकृत बोली 01 प्रतिशत धनराशि का भुगतान करना अनिवार्य होगा।

उपरोक्त से सम्बन्धित जमा की जाने वाली धनराशि नकद जमा की जायेगी। उससे सम्बन्धित किसी प्रकार की चेक, ड्राफ्ट व बिल आदि ग्रहण नहीं किया जायेगा।

उपरोक्त नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/वृद्धि किये जाने अथवा स्वीकृत/अस्वीकृति का अधिकार तथा किसी प्रकार के विवाद के लिए अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकारी माननीय जिला जज, लखनऊ के अधीन सुरक्षित होगा। जो सभी को मान्य होगा।

पुष्कर उपाध्याय, एच0जे0एस0,
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश, गैगस्टर ऐक्ट/
अपर जिला न्यायाधीश, कोर्ट सं0-3,
लखनऊ।

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को उनके कार्यालय स्थित सूचना को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु एवं कार्यालय के सूचना पट पर सूचनार्थ चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित-</u>

1. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र.........................
2. अधीक्षक, बलरामपुर चिकित्सालय, लखनऊ।
3. कार्यालय मण्डलायुक्त, लखनऊ।
4. कार्यालय जिलाधिकारी, लखनऊ।
5. नाजिर राजस्व परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
6. प्रबन्धक उ0प्र0 राज्य सड़क निगम कैसरबाग, लखनऊ।
7. तहसीलदार तहसील, लखनऊ।
8. नाजिर अमेरिकन लाइब्रेरी, पारिवारिक न्यायालय,लखनऊ।
9. नोटिस बोर्ड, जनपद न्यायालय, लखनऊ।

पुष्कर उपाध्याय, एच0जे0एस0,
अध्यक्ष, नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश, गैगस्टर ऐक्ट/
अपर जिला न्यायाधीश, कोर्ट सं0-3,
लखनऊ।